भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
भूमि संसाधन विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3960
दिनांक 27 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ

आंध्र प्रदेश में पीएमकेएसवाई के वाटरशेड विकास घटक के अंतर्गत परियोजनाएँ

3960. श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी :

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के वाटरशेड विकास घटक के तहत आंध्र प्रदेश के लिए 60 परियोजनाएँ संस्वीकृत की गई हैं;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) पूर्ण हो चुकी और अधूरी परियोजनाओं का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या परियोजनाओं के समय और लागत में कोई वृद्धि हुई है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. चन्द्र शेखर पेम्मासानी)

(क) से (घ) सरकार द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0) के वाटरशेड विकास घटक को वर्ष 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए अनुमोदित किया गया है। विभाग ने डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 के तहत आंध्र प्रदेश के लिए 555.31 करोड़ रुपये की कुल लागत के साथ 2.44 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को शामिल कर रहीं 59 परियोजनाओं को संस्वीकृति दी है। आंध्र प्रदेश में डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 के तहत संस्वीकृत वाटरशेड विकास परियोजनाओं का जिला-वार ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है। सभी संस्वीकृत डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 परियोजनाएं, क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं और ऐसे में परियोजनाओं की लागत में कोई वृद्धि नहीं हुई है।

*****

अनुलग्नक

आंध्र प्रदेश में संस्वीकृत डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 परियोजनाओं का जिला-वार ब्यौरा

क्र.सं.	जिला	संस्वीकृत परियोजनाओं की संख्या	संस्वीकृत क्षेत्र (हेक्टेयर में)	कुल परियोजना लागत (रुपये करोड़ में)
1	अल्लूरी सीताराम राजू	1	5,000	11.00
2	अनाकापल्ली	2	10,000	22.00
3	अनंतपुरामु	7	23,303	63.47
4	अन्नामय्या	10	47,218	103.88
5	चित्तूर	7	27,542	60.59
6	कुरनूल	5	24,276	53.41
7	नंद्याल	2	9,763	21.48
8	पार्वतीपुरम मन्यम	1	4,827	10.62
9	प्रकाशम	8	30,672	67.48
10	श्री सत्य साईं	3	9,027	25.28
11	विशाखापत्तनम	1	5,000	11.00
12	विजयनगरम	3	8,164	17.96
13	वाईएसआर	9	39,613	87.15
कुल		**59**	**2,44,405**	**555.31**

****